ELV पर ईंधन प्रतिबंध हटाया

[स्रोत: द हिंदू]

दिल्ली **सरकार ने** [वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM)] के निर्देशानुसार, एंड ऑफ लाइफ व्हीकल (ELV) **15 वर्ष से अधिक पुरानी पेट्रोल कारों और 10 वर्ष से अधिक पुरानी डीजल वाहनों** पर ईंधन प्रतिबंध वापस ले लिया है।

- **CAQM** [दिल्ली NCR] **और आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण के मुद्दों के समन्वित कार्रवाई, वैज्ञानिक अनुसंधान** तथा प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिये एक **वैधानिक निकाय** है।

ELV पर ईंधन प्रतिबंध के लिये कानूनी आदेश:

- **NGT आदेश (2015): NGT ने** दिल्ली-NCR में **10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों** पर प्रतिबंध लगा दिया तथा **उनके पुनः पंजीकरण पर रोक** लगा दी।
- [सर्वोच्च न्यायालय (SC)] **निर्णय (2018):** ***MC ?????? ????? ????? ???, 2018*** मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने NGT के आदेशों को बरकरार रखा और गैर-अनुपालन वाहनों को जब्त करने की अनुमति दी।
- **मोटर वाहन अधिनियम, 1988:** [मोटर वाहन अधिनियम, 1988] के तहत, निजी वाहन का पंजीकरण **15 वर्षों के लिये वैध होता है**, जिसके बाद नवीनीकरण कराना आवश्यक होता है।
- **केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989:** पंजीकरण की अवधि समाप्त हो जाने पर वाहन सड़क पर उपयोग के लिये कानूनी रूप से अनुपयुक्त हो जाता है।
- **पर्यावरण संरक्षण (एंड ऑफ लाइफ व्हीकल) नियम, 2025:** पंजीकरण समाप्ति के 180 दिनों के भीतर वाहनों को स्क्रैप करना अनिवार्य है।

भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति:

- [विश्व स्वास्थ्य संगठन] के अनुसार, वायु प्रदूषण भारत में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है, जो **प्रतिवर्ष लगभग 1.67 मिलियन मृत्यु का कारण बनता है,** तथा **वैश्विक वायु स्थिति 2023** के अनुसार, देश भर में **होने वाली सभी मृत्यु में से 17% के लिये ज़िम्मेदार** है।
- **2024 की** [विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट (IQAir)] **में** भारत को **पाँचवाँ सबसे प्रदूषित देश बताया गया है**, जहाँ औसत **PM2.5 स्तर 50.6 µg/m³ है**, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित सीमा से दस गुना अधिक है। **दिल्ली विश्व स्तर पर सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी** बनी हुई है।

और पढ़ें: [भारत का वायु प्रदूषण संकट]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/reversal-on-elv-fuel-ban